भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2487
दिनांक 08.08.2018/17 श्रावण,1940 (शक) को उत्तर के लिए

असम में नेशनल रजिस्टर फॉर सिटीजन

†2487. श्री हरिवंशः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अभी तक असम में नेशनल रजिस्टर फॉर सिटीजन (एनआरसी) कहां तक अपना काम कर पाया है;
(ख) अभी तक कुल कितने अवैध/आप्रवासी चिन्हित किए गए हैं; और
(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज गंगाराम अहीर)

(क) से (ग): असम राज्य में नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) का पूर्ण प्रारूप 30.07.2018 को प्रकाशित किया जा चुका है। 3,29,91,384 आवेदकों में से 2,89,83,677 को एनआरसी के पूर्ण प्रारूप में शामिल किए जाने के योग्य पाया गया है। एनआरसी प्रारूप के प्रकाशित होने के पश्चात नागरिकता नियमावली, 2003 के अंतर्गत दावों और आपत्तियों का प्रावधान है। प्रत्येक व्यक्ति को दावे और आपत्तियां दायर करने के लिए पर्याप्त अवसर प्राप्त होगा।

*****